# NATIONAL CHAMBER OF INDUSTRIES & COMMERCE,U.P.

| ATUL KUMAR GUPTA | AMBA PRASAD GARG | MANOJ KUMAR GUPTA | NITESH AGARWAL |
|---|---|---|---|
| PRESIDENT | VICE PRESIDENT | VICE PRESIDENT | TREASURER |
| 9760011107 | 9319109234 | 9837053316 | 9837153455 |


एनसीआईसी/62/2024–25/ 16 सितम्बर, 2024

सेवा में,
आदरणीय श्रीमान जयवीर सिंह जी,
आगरा प्रभारी
पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री,
उ. प्र. सरकार
लखनऊ।

विषय :–आगरा को आईटी हव एवं पर्यटन नगरी के रुप में विकसित करने के सम्बन्ध में।

माननीय महोदय,

आप आगरा नगरी के प्रभारी बने, इससे हम आगरावासी बहुत ही उत्साहित है। साथ ही आपके सहयोग से आगरा का चहुमुखी विकास होगा ऐसी आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी है। आपके माध्यम से आगरावासियों की कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण एवं आगरा के नवयुवकों–युवतियों की मांग आईटी सिटी हव के रुप में आगरा को विकसित करना, उ0 प्र0 सरकार एवं केन्द्र सरकार के सहयोग से अतिशीघ्र परियोजनाएं लागू भी होगी, ऐसी हम आगरावासियों को पूर्ण विश्वास है।

आगरा टीटीजेड होने के कारण 40 साल से उद्योग धन्धों में काफी पीछे चला गया है। ताजमहल की वजह से कोई नया उद्योग धन्धा नहीं लगा है। आगरा में पर्यटन एक प्रमुख उद्योग है क्योंकि यहां दुनियां के 7 आश्चर्यों में एक ताजमहल के अलावा आगरा किला, फतेहपुर सीकरी आदि विश्वदाय इमारतें स्थित हैं। इसके अतिरिक्त आगरा एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग की अनगिनत संभावनाएं हैं। उन्हें विकसित किये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु हम आपका ध्यान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर आकर्षित करना चाहते हैं :–

1. आगरा में आईटी सिटी की मांग बहुत पुरानी है और आईटी उद्योग आगरा के लिए एक बहुत ही उपयुक्त उद्योग है क्योंकि आगरा में सड़क, रेल एवं हवाई मार्ग की कनेक्टिविटी बहुत ही बेहतर है। एनसीआर एवं आई टी सिटी नोएडा के नजदीक है। आगरा में पूर्व से ही एक हवाई अड्डा है और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 30–35 मिनट की दूरी पर है। आगरा में जमीन भी सस्ती दर पर उपलब्ध है और यहां शिक्षा का हब होने के कारण कुशल युवा बड़ी संख्या में सस्ती दर पर उपलब्ध है। आगरा में ताज संरक्षित क्षेत्र होने के कारण विभिन्न प्रकार की बंदिशें लगी हुई है। आईटी उद्योग श्वेत श्रेणी में आने के कारण आगरा में आसानी से स्थापित किये जा सकते हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि आगरा को आईटी सिटी बनाया जाए। इस हेतु हमारा निवेदन है कि आगरा में एक आई टी कॉन्क्लेव आयोजन किया जाये। जिससे बड़ी कंपनियां आगरा के लिए आकर्षित हो सके और बड़े ग्रुप टीसीएस, इन्फोसिस विप्रो एचसीएल को आगरा में लाने के लिए आकर्षित किया जाए। आगरा में आईटी सिटी स्थापित होने के होने से आगरा से प्रतिभा पलायन रुकेगा। रोजगार के अभाव में 15 से 20 हजार युवा प्रतिवर्ष अन्य शहरों के लिए पलायन कर जाते हैं और आगरा धीरे–धीरे बूढ़ों का शहर बनकर होता जा रहा है।
2. आगरा से 80 किमी. दूर बटेश्वर जहां 108 शिवालयों की श्रृंखला है और हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मस्थली है। यहां से 3 किमी. दूर सौरीपुर गांव है जो दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों का एक सिद्ध क्षेत्र है। बटेश्वर को शिवालय सर्किट बनाया जाये और यहां गुजरात में सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति की तर्ज पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति लगाई जाये और स्टैचू ऑफ यूनिटी की तरह इस स्थल को विकसित किया जाये। जहां से सौरीपुर, चम्बल सफारी, आदि पिकनिक एवं धार्मिक स्थलों को जोड़ा जाये।

New Market, Jeoni Mandi, Agra – 282004 Ph.(0562) 4063770, 9368774368
Email: office@ncicagra.in, Website: http://www.ncicagra.in

3. बैराज निर्माण के सम्बन्ध में :—ताज महल के निकट बैराज निर्माण शीघ्र बनाया जाये। जिससे ताज महल के निकट जल भराव हो और जल कीडायें प्रारम्भ हों। इससे पर्यटकों के रात्रि प्रवास में वृद्धि होगी और जल भराव से ताज महल को मजबूती मिलेगी। साथ ही यहां शिप चलेंगे जिनमें मनोरंजन के कार्यक्रम होते रहेंगे। इससे भी पर्यटक रात्रि प्रवास को बढ़ावा मिलेगा।
4. पं. दीनदयाल उपाध्याय हवाई अड्डे जिसकी भूमि अधिग्रहण से लेकर चार दीवारी का कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण हेतु एएआई को भूमि सुपुर्द होने के बाद निविदा प्रक्रिया भी हो चुकी है। निर्माण कार्य रुका पड़ा है। इस हेतु केन्द्र सरकार में समन्वय करने की आवश्यकता है। ताकि आगरा को एक सभी सुविधायुक्त स्वतंत्र हवाई अड्डा प्राप्त हो सके। जो उड़ानें बन्द हो गई हैं वह पुनः प्रारम्भ हो। धार्मिक पर्यटन को विकसित करने के लिये अयोध्या एवं बनारस के लिये डायरेक्ट फ्लाइट्स हों। आगरा को अन्य बड़े शहरों जैसे गोवा, कोलकाता, चैन्नई, हैदराबाद आदि को हवाई उड़ानों से जोड़ा जाना अत्यन्त आवश्यक है। इससे लाखों की संख्या में पर्यटकों की वृद्धि होगी और रोजगार सृजन के अवसर बढ़ेंगे।
5. शहीद स्मारक, शाहजहां गार्डन और रामबाग गार्डन को मैसूर के वृन्दावन गार्डन की तर्ज पर विकसित किया जाये। यहां लाइट एण्ड साउण्ड शो प्रारम्भ किया जाये जिससे पर्यटकों का रात्रि प्रवास बढ़ें।
6. आगरा में होटल उद्योगों में क्लासिकल डांस की अनुमति दी जाये। अगर सभी के लिये यह सम्भव नहीं है तो विदेशी पर्यटकों के लिये कैशिनो और क्लासिकल डांस की अनुमति दी जाये। जो विदेशी पर्यटकों को आगरा में रुकने के लिए आकर्षित करेगा।
7. आगरा में 2—3 रात—दिन का एक टूर पैकेज तैयार किया जाये। इसमें आगरा को आसपास के पिकनिक स्थलों जैसे घना पक्षी बिहार, चम्बल सफारी के अवलोकन के साथ—साथ मथुरा वृन्दावन को भी जोड़ा जाये। जिससे आगरा में स्वतः ही पर्यटक रात्रि विश्राम के लिए रुकेंगे। जिससे आगरा के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।
8. जोधपुर झाल को पर्यटक स्थल घोषित किया गया है। हमारा निवेदन है कि इसको शीघ्र विकसित किया जाये।

नेशनल चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स, यू.पी., आगरा सन 1949 में स्थापित 75 वर्षों से उद्योग एवं व्यापार के संवर्धन में कार्यरत है। यह चैम्बर संपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक शीर्ष संस्था है। इसमें आगरा एवं आसपास के शहरों से लगभग 1600 से अधिक प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यापारिक घराने सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं तथा 25 एसोसिएशन भी संबद्ध सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं।

सादर,

भवदीय,

| | |
| --- | --- |
| (अतुल कुमार गुप्ता) | (प्रहलाद अग्रवाल) |
| अध्यक्ष | पर्यटन विकास, हस्तशिल्प एवं एयरपोर्ट प्रकोष्ठ |